# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की जाती है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएँ निम्नांकित कार्यक्रमानुसार दो चरणों में उनके सम्मुख अंकित मण्डलों में आने वाले जनपदों की सम्पन्न करायी जायेंगी :–

प्रथम चरण – **25 जनवरी,2024 से 01 फरवरी,2024 तक। (मण्डल का नाम – आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, फैजाबाद, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती)**

द्वितीय चरण – **02 फरवरी,2024 से 09 फरवरी,2024 तक। (मण्डल का नाम – अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर)**

प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त होंगी। परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षायें सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में सम्पादित कराना होगा जिसे साथ ही परीक्षाओं के आयोजन की रिकार्डिंग प्रधानाचार्य द्वारा डी0वी0आर0 में सुरक्षित रक्खी जायेंगीं और उन्हें मांगने पर परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना होगा।

2– हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत् वर्ष की भाँति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पादित करायी जायेंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आन्तरिक मूल्यांकन), नैतिक खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालयों के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट www.upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड किये जायेगें। इस कार्य हेतु दिनांकः 10 जनवरी,2024 से वेबसाइट क्रियाशील हो जायेगी।

3– विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षायें दिनांकः **05 जनवरी,2024 से 12 जनवरी,2024** के मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जायेंगी।

4– विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा–9 एवं 11 की वार्षिक परीक्षायें तथा कक्षा–10 एवं 12 की प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षायें दिनांकः **13 जनवरी,2024 से 22 जनवरी,2024** के मध्य प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जायेंगी।

**(दिव्य कान्त शुक्ल)**
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 435(1-7) दिनांकः 17-11-2023

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– सम्पादक दैनिक समाचार पत्र .................................. को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, (माध्यमिक शिक्षा), माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन।
3– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
4– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।
5– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने स्तर से भी निर्देशित कर दें।
6– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
7– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/प्रयागराज/वाराणसी तथा गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वे उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार अपने परिक्षेत्र की प्रयोगात्मक परीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इसका व्यापक प्रचार/प्रसार किया जाय।

**(दिव्य कान्त शुक्ल)**
सचिव।